# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 05/03/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Bhaskar, Sirohi, (RAJ)**

# 100वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट ने सीएलजी सदस्यों के साथ ली बैठक

## थानाधिकारी ने कहा सभी के सहयोग से कानून व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है

माउंट आबू: पुलिस थाने में मोजूद 55 सदस्य आरएएफ की टीम।

भास्कर न्यूज | माउंट आबू

माउंट आबू में शुक्रवार दोपहर 12 बजे पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों के साथ आरएएफ की 100वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट राजेश कुमार तिवारी ने बैठक ली। माउंट आबू के थानाधिकारी किशोर सिंह भाटी और आरएएफ बटालियन की एक प्लाटून के सहायक कमांडेंट राजेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर आरएएफ बटालियन के कार्यों की जानकारी दी। इस मौके प्लाटून के सहायक कमांडेंट राजेश तिवारी ने मौजूद सदस्यों को बताया कि आरएएफ की टीम संवेदनशील एवं अति संवेदनशील इलाकों में संभावित घटनाओं को रोकने या दंगे भड़कने की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कानून व्यवस्था को बनाए रखने की कार्रवाई करती है एवं आर्य प्लाटून का यह नियमित अभ्यास जो संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों की पहचान कर, दंगा भड़कने पर तुरंत पहुंचने के रास्तों, महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थिति की भी जानकारी लेती है। 24 फरवरी से आरएएफ बटालियन अहमदाबाद की 55 सदस्य टीम राजस्थान ने प्रमुख जिले में लगातार लोगों को यह जानकारियां दे रही है। शुक्रवार को माउंट आबू में उनका अंतिम दिन था। अहमदाबाद में लगभग 2 हजार की टीम अपना कार्य कर रही है।थानाधिकारी किशोर सिंह भाटी ने मौजूद सदस्यों को कहा कि सभी के सहयोग से ही कानून व्यवस्था को सही बना सकते है। होली के त्योहार पर कोई कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करे, तो तुरंत पुलिस को सुचना दें। बैठक में त्रिलोक चंद, भारत सिंह राठौड़, सुनील आचार्य, सुरेश थिंगर, सलील कालमा, हाजी मोहम्मद साबिर कुरैशी व अलका कालमा मौजूद थे।

**Rajsthan Patrika,Sirohi, (RAJ)**

# आरएएफ ने निकाला फ्लैग मार्च, आपसी शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**आबूरोड.** शांति समिति की बैठक में चर्चा करते आरएएफ के अधिकारी।

**आबूरोड.** रेपिड एक्शन फोर्स बटालियन, वस्त्राल गुजरात के तत्वावधान में आबूरोड शहर, सदर व रीको थाना क्षेत्र में शांति समिति की बैठक व सम्पर्क सभा हुई। शहर थाना परिसर में रेपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट आरके तिवारी, तहसीलदार रायचंद देवासी, माउंट आबू पुलिस उप अधीक्षक योगेश कुमार शर्मा व शहर थानाधिकारी सरोज बैरवा की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। आरएएफ के आरके तिवारी ने आरएएफ के कार्यों की जानकारी देते हुए सभी समुदायों को आपस में भाईचारे का भाव रखने व आपसी वैमनस्य पैदा करने वाले असामाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस व प्रशासन को देने की बात कही। ताकि आपसी संघर्ष की घटनाओं को पहले ही रोका जा सके। आगामी पर्वों को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान सदस्यों से त्योहारों पर यातायात व्यवस्था व शांतिपूर्ण तरीके से होली व शब्बे बारात का पर्व मनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान आरएएफ ने आमजन से आपसी शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस दौरान अग्रवाल समाज के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, भानसिंह चौहान, बसंत प्रजापत, प्रदीप सक्सेना समेत कई सदस्य मौजूद थे। बैठक के बाद आरएएफ व पुलिसकर्मियों ने शहर थाने से फ्लैग मार्च निकाला। जो बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मुख्य चौराहा, अम्बाजी चौराहा से बाजार होते हुए पुनः थाने पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

उधर, सदर थाना परिसर में आरएएफ की दसवीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट राजेश कुमार तिवारी, माउंट आबू पुलिस उप अधीक्षक योगेश कुमार शर्मा व सदर थानाधिकारी प्रवीण आचार्य की उपस्थिति में बैठक हुई। इसमें आगामी दिनों में होने वाली होली, शब्बे बारात के त्योहारों पर शांतिपूर्ण तरीके से कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए पर्व मनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान सदस्यों ने विभिन्न सुझाव रखे। समिति सदस्य हडवंतसिंह, पार्षद जितेंद्र बंजारा आदि मौजूद थे। उधर, गुजरात से आरएएफ के रीको थाना पहुंचने पर सुरपगला गांव में आरएएफ के जवानों व पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान थाना प्रभारी सुरेश चौधरी की उपस्थिति में परिक्षित अभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी पर्वों को शांति व सौहार्द के साथ मनाने पर चर्चा की गई।

## पुलिस थाना रेवदर में जनसम्पर्क संगठन की बैठक

**रेवदर.** कस्बे के पुलिस थाना परिसर में सामुदायिक जन सम्पर्क सगठन की बैठक आयोजित हुई। जिसमें पुलिस उप अधीक्षक घनश्याम वर्मा ने कहा कि सभी लोग आगामी होली के पर्व पर आपसी भाईचारा रख कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि अपराधियों में डर, आमजन में विश्वास पुलिस का मुख्य ध्येय है। क्षेत्र में हो रहे अपराधों की रोकथाम करने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता आगे बढ़कर प्राथमिक तौर पर पुलिस को सूचना देने में अपनी सहभागिता निभाने में कर्तव्यनिष्ठ रहे। इस मौके पर थानाधिकारी रूपाराम चौधरी, एएसआई दिनेश कुमार, हैड कांस्टेबल किशनाराम, नागोलाल, मेलवाड़ा पूर्व सरपंच गणपतसिंह देवड़ा, गेपाराम कोली, जय सरेसी गौसेवा समिति के संरक्षक अरविन्द पुरोहित, गोपाल पुरोहित, विजय दवे, अयुब खान, सौरभ खान, हकमाराम मेघवाल, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**